# महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़

Email- registrar.msduniversity.azamgarh@gmail.com
Website: www.msdsu.ac.in

**दिनांक 03.12.2022 (दिन–शनिवार) को पूर्वाह्न 11:30 बजे महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़ के शिविर कार्यालय (डी0ए0वी0 पी0जी0 कॉलेज, आजमगढ़) के सभागार में आयोजित की गई कार्य परिषद की बैठक संख्या 03/2022 का कार्यवृत्त।**

**बैठक की उपस्थिति:–**

| क्र. | नाम | पद व सम्बद्धता/पता | कार्य परिषद में दायित्व |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रो0 प्रदीप कुमार शर्मा | कुलपति, महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़ | अध्यक्ष |
| 2. | डॉ0 प्रेमचन्द यादव | प्राचार्य, डी0ए0वी0 पी0जी0 कालेज, आजमगढ़ | सदस्य |
| 3. | डॉ0 यादवेन्द्र कुमार आर्य | कार्यवाहक प्राचार्य, गया प्रसाद राजकीय महिला कालेज, अंबारी, आजमगढ़ | सदस्य |
| 4. | डॉ0 नागेन्द्र द्विवेदी | प्राचार्य, श्री दुर्गा जी पी0जी0 कालेज, चण्डेश्वर, आजमगढ़ | सदस्य |
| 5. | डॉ0 ज्ञान प्रकाश वर्मा | क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, वाराणसी मण्डल | सदस्य |
| 6. | श्री श्रीचन्द शर्मा | एम0एल0सी0 (अध्यापक) मेरठ–सहारनपुर खण्ड, उ0प्र0 विधान परिषद्, लखनऊ | सदस्य |
| 7. | श्री वीरेन्द्र प्रसाद कौशल | कुलसचिव, महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़ | सचिव |
| 8. | श्री विजय कुमार सिंह | वित्त अधिकारी, महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़ | विशेष आमंत्रित सदस्य |

बैठक में एक सम्मानित सदस्य श्री श्रीचन्द शर्मा, मा0 एम0एल0सी0 (अध्यापक), मेरठ–सहारनपुर खण्ड, उ0प्र0 विधान परिषद, लखनऊ द्वारा वर्चुअल माध्यम से तथा शेष सभी सदस्यों द्वारा भौतिक रूप से प्रतिभाग किया गया।

मा0 कुलपति जी की आज्ञा से कुलसचिव जी द्वारा समस्त सम्मानित सदस्यों का स्वागत करते हुए बैठक प्रारम्भ की गई। कुलसचिव जी द्वारा सभी सदस्यों को बैठक की सूचना व कार्यसूची ई–मेल/व्हाट्सएप तथा फोन के माध्यम से बैठक से पूर्व ही उपलब्ध करा दी गई थी। कुलसचिव जी द्वारा मदवार कार्यसूची पढ़ी गई जिस पर कार्य परिषद द्वारा समुचित अवलोकन एवं विचारोपरान्त निर्णय लिए गए।

**मद संख्या–1** दिनांक 10 सितम्बर 2022 को संपन्न हुई कार्य परिषद की बैठक के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि किया जाना। कार्यवृत्त की प्रति संलग्न है **(परिशिष्ट–1)**।

सूच्य है कि कार्य परिषद की गत बैठक दिनांक 10.09.2022 के मद संख्या–4 में लिए गए निर्णय के अनुपालन में की गई कार्यवाही के अनुसार कुलसचिव द्वारा अग्रिम बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गये थे। इस सम्बन्ध में कुलसचिव जी द्वारा प्रस्तुत सूचना/टिप्पणी संलग्न है। महाविद्यालयों की सूची **(परिशिष्ट–2)**।

**संकल्प–** कार्य परिषद द्वारा अपनी पूर्व बैठक के कार्यवृत्त का अवलोकन किया गया और मद सं0–4 को छोड़कर सर्वसम्मति से यथावत पिछली बैठक के कार्यवृत्त को सम्पुष्ट किया गया। मद सं0–4 को निम्नलिखित टिप्पणी के साथ सम्पुष्ट किया गयाः

i. मद सं0–4 के सम्बन्ध में यद्यपि कार्यवाही सम्पन्न की जा चुकी है, परन्तु स्थाई सम्बद्धता के प्रकरण में वांछित सूची प्रस्तुत नही हो पाई, इसलिए कार्य परिषद की आगामी बैठक में स्थाई सम्बद्धता से सम्बन्धित महाविद्यालयों की सूची निरीक्षण मण्डल व सम्बद्धता समिति की आख्या व संस्तुति सहित प्रस्तुत की जाए। क्योंकि NOC के लिए प्रत्यावेदन की अन्तिम तिथि 30.12.2022 है, इसलिए सम्बद्धता के सम्बन्ध में उक्त तिथि से पूर्व कार्यवाही सम्पन्न कर ली जाए।

ii. अस्थाई सम्बद्धता विस्तरण वाले महाविद्यालयों से कुलसचिव इस आशय का शपथ–पत्र प्राप्त करेंगे कि वे वर्तमान तथा अगले सत्र 2023–24 की सम्बद्धता हेतु सम्बन्धित समस्त अर्हताएं पूरा कर रहें हैं। अन्यथा की स्थिति में अगले सत्र 2023–24 में प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।

iii. जिन दो महाविद्यालयों को महिला महाविद्यालय से सह–शिक्षा में परिवर्तित किया गया है उनके सम्बन्ध में कुलसचिव यह सुनिश्चित करें कि महिला महाविद्यालय होने के नाते सम्बंधित महाविद्यालयों को शासन से कोई अनुदान तो प्राप्त नहीं हुआ है अथवा हो रहा है।

**मद संख्या–2** वित्त समिति की बैठक दिनांक 03 नवम्बर 2022 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि किया जाना। कार्यवृत्त की प्रति संलग्न है **(परिशिष्ट–3)**।

**संकल्प–** कार्य परिषद द्वारा वित्त समिति के कार्यवृत्त का अवलोकन किया गया तथा सर्वसम्मति से कार्यवृत्त की सम्पुष्टि की गई।

**मद संख्या–3** विश्वविद्यालय की परीक्षा समिति की बैठकों दिनांक 01.11.2022, 04.11.2022 (प्रवेश समिति/परीक्षा समिति की संयुक्त बैठक) व 24.11.2022 में लिए गए निर्णयों की सम्पुष्टि किया जाना। उक्त बैठकों के कार्यवृत्तों की प्रति संलग्न हैं **(परिशिष्ट–4)**।

**संकल्प–** परीक्षा समिति की उक्त बैठकों में लिये गये निर्णयों की कार्य परिषद द्वारा अवलोकनोपरान्त सर्वसम्मति से सम्पुष्टि की गई।

**मद संख्या–4** विश्वविद्यालय की प्रवेश समिति की बैठकों दिनांक 04.11.2022 (प्रवेश समिति/परीक्षा समिति की संयुक्त बैठक) व 16.11.2022 में लिए गए निर्णयों की सम्पुष्टि किया जाना। उक्त बैठकों के कार्यवृत्तों की प्रति संलग्न हैं **(परिशिष्ट–5 व 6)**।

**संकल्प–** कार्य परिषद द्वारा अवलोकनोपरान्त सर्वसम्मति से सम्पुष्टि की गई।

# महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़

Email- registrar.msduniversity.azamgarh@gmail.com
Website: www.msdsu.ac.in

**मद संख्या–5** विश्वविद्यालय की सत्र 2022–23 परीक्षाओं हेतु उत्तर पुस्तिकाओं के प्रकाशन छपवाने हेतु कार्यादेश दिए जाने के सम्बन्ध में विचार–विमर्श।

सूच्य है कि विगत सत्र 2021–22 में उत्तर पुस्तिकाओं के छपवाने हेतु जिस फर्म, एम् एल पेपर्स, को जेम पोर्टल के माध्यम से कार्यादेश दिया गया था। उस फर्म ने विगत वर्ष की शर्तों, विशिष्टियों एवं दरों पर ही उत्तर पुस्तिकाओं की छपाई आपूर्ति किये जाने पर अपनी सहमति प्रस्तुत की है। फर्म का सहमति–पत्र संलग्न है। यह भी सूच्य है कि विगत सत्र में लिखित तथा प्रयोगात्मक परीक्षाओं हेतु लगभग 15 लाख उत्तर पुस्तिकाओं का कार्यादेश दिया गया था। फर्म द्वारा की गई आपूर्ति व सेवा संतोषजनक रही थी। यह भी सूच्य है कि विगत वर्ष की परीक्षाओं से लगभग चार लाख पचास हजार उत्तर पुस्तिकाएं अवशेष बची हुई हैं, उनका भी उपयोग वर्तमान सत्र की परीक्षाओं में किया जाएगा। इस सत्र 2022–23 में परीक्षार्थियों की संख्या (सम, विषम सेमेस्टर एवं वार्षिक परीक्षा, बैक पेपर परीक्षा) के दृष्टिगत लगभग 14 लाख उत्तर पुस्तिकाओं की आवश्यकता सैद्धांतिक/थ्योरी विषयों की परीक्षा हेतु तथा 07 लाख उत्तर पुस्तिकाओं की आवश्यकता प्रयोगात्मक/मौखिकी विषयों की परीक्षा हेतु होगी। कृपया विचारार्थ प्रस्तुत। इस सम्बन्ध में कुलसचिव/परीक्षा नियंत्रक की कार्यालय टिप्पणी संलग्न है **(परिशिष्ट–7)**।

**संकल्प–** कार्य परिषद द्वारा सत्र 2022–23 की परीक्षा हेतु उत्तर–पुस्तिकाओं की छपाई व आपूर्ति किये जाने की कार्यवाही उपरोक्त फर्म द्वारा कराए जाने पर सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद संख्या–6** नवस्थापित महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़ की प्रथम परिनियमावली, अध्यादेश एवं विनियम निर्माण हेतु समिति के गठन के सम्बन्ध में विचार।

सूच्य है कि मा0 कुलपति जी के निर्देशानुसार उक्त समिति का गठन कर दिया गया है। उक्त कार्य हेतु आवश्यक खर्च विश्वविद्यालय द्वारा पारित बजट से वहन किया जायेगा। पत्र की प्रति संलग्न है **(परिशिष्ट–8)**।

**संकल्प–** कार्य परिषद द्वारा विचारोपरान्त सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया तथा इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय विश्वविद्यालय के "विभिन्न समितियों की बैठक" तथा "अन्य विविध व्यय" हेतु प्राविधानित बजट से वहन किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया।

**मद संख्या–7** विश्वविद्यालय की क्रीड़ा परिषद के गठन के सम्बन्ध में विचार।

सूच्य है कि वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर में लागू अध्यादेश के अनुरूप माननीय कुलपति जी द्वारा क्रीड़ा परिषद का गठन कर दिया गया है, जिसका कार्यालय ज्ञाप अवलोकनार्थ संलग्न है **(परिशिष्ट–9)**।

**संकल्प–** कार्य परिषद द्वारा अवलोकनोपरान्त सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई।

# महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़

Email- registrar.msduniversity.azamgarh@gmail.com
Website: www.msdsu.ac.in


**मद संख्या–8** विश्वविद्यालय में रोवर्स एवं रेंजर्स की समिति के गठन के सम्बन्ध में।

सूच्य है कि इस सम्बन्ध में शासन द्वारा निर्गत पत्र संख्या सी.जी.–105 / 1689 / 2020–21 दिनांक 22.03.2021 के अनुरूप माननीय कुलपति जी द्वारा रोवर्स एवं रेंजर्स की समिति का गठन कर दिया गया है, जिसका कार्यालय ज्ञाप अवलोकनार्थ संलग्न है **(परिशिष्ट–10)**।

**संकल्प–** कार्य परिषद द्वारा अवलोकनोपरान्त सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई।

**मद संख्या–9** कार्य परिषद की पूर्व बैठक दिनांक 25.06.2022 के मद संख्या–5 में लिए गए निर्णय के क्रम में जेम पोर्टल प्रक्रिया के द्वारा वाह्य सेवा प्रदाता के माध्यम से 12 कुशल, 03 अर्द्धकुशल तथा 05 अकुशल कर्मी योजित कर लिए गए हैं।

सूच्य है कि उक्त कर्मियों के वेतन का भुगतान वाह्य सेवा प्रदाता को विश्वविद्यालय की वित्त समिति की बैठक दिनांक 03.11.2022 के कार्यवृत्त में पारित बजट पच्चीस लाख से किया जाएगा **(परिशिष्ट–11)**।

**संकल्प–** कार्य परिषद ने संज्ञान लिया कि शासन द्वारा स्वीकृत 11 पदों पर आउटसोर्सिंग के माध्यम से कर्मी नियुक्त किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है तथा शासन द्वारा अनुदानित बजट मद में वाह्य सेवा प्रदाता से उपलब्ध कर्मियों के वेतन हेतु बजट उपलब्ध है। तत्क्रम में विचारोपरान्त कार्य परिषद ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि जेम पोर्टल के माध्यम से वाह्य सेवा प्रदाता एजेंसी द्वारा जो कुशल, अर्द्धकुशल व अकुशल कर्मी उपलब्ध कराए गए हैं, उनमें से 11 कर्मियों (06 कुशल तथा 05 अकुशल) के वेतन का भुगतान शासन से वेतन मद में प्राप्त अनुदान में विश्वविद्यालय के बजट "वाह्य सेवा प्रदाता के माध्यम से नियुक्त कर्मियों पर व्यय" से तथा शेष कुशल, अर्द्धकुशल तथा अकुशल कर्मचारियों के वेतन का भुगतान परीक्षा के बजट से "अन्य विविध पारिश्रमिक" से किया जाए। तदानुसार सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद संख्या–10** सत्र 2022–23 में विश्वविद्यालय के परीक्षा फार्म भरवाने का कार्य ऑनलाइन कराने हेतु एजेंसी के चयन के सम्बन्ध में।

सूच्य है कि विगत वर्ष 2021–22 से यू.पी. डेस्को द्वारा चयनित फर्म जो विश्वविद्यालय के परीक्षा फार्म भरवाने का कार्य कर रही थी, संतोषजनक प्रदर्शन तथा विगत वर्ष की शर्तों एवं दरों पर ही कार्य करने की सहमति देने के आधार पर उसी फर्म को उत्तर प्रदेश सरकार के उपक्रम, यू.पी. डेस्को, के माध्यम से सत्र 2022–23 में उक्त कार्य करने का कार्यादेश दे दिया गया है। कार्यादेश की प्रति संलग्न है सूचनार्थ दिशा–निर्देशार्थ प्रस्तुत **(परिशिष्ट–12)**।

**संकल्प–** कार्य परिषद द्वारा विचारोपरान्त सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई।

# महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़

Email- registrar.msduniversity.azamgarh@gmail.com
Website: www.msdsu.ac.in

मद संख्या–11 NEP-2020 के अंतर्गत स्नातक व स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों हेतु निर्धारित परीक्षा एवं अन्य शुल्क के अनुमोदन करने पर विचार **(परिशिष्ट–13 व 14)**।

संकल्प– कार्य परिषद द्वारा विचारोपरान्त सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

अन्त में मा0 कुलपति जी की आज्ञा से कुलसचिव द्वारा अध्यक्ष महोदय एवं समस्त कार्य परिषद सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात् बैठक का समापन किया गया।

**(वी0पी0 कौशल)**
कुलसचिव एवं सचिव–कार्य परिषद

**(प्रो0 प्रदीप कुमार शर्मा)**
मा0 कुलपति एवं अध्यक्ष–कार्य परिषद